ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शुक्रवार 13 जून 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 74


## अहमदाबाद हादसा : अब तक 5 शव सौंपे, पीएम मोदी बोले-तबाही का मंजर बेहद दुखद, 250 से अधिक डीएनए सेंपल लिए, शव ले जाने एंबुलेंस की कतारें



अहमदाबाद. देश के उड्डयन इतिहास के सबसे भयावह हादसों में से एक—एयर इंडिया की फ्लाइट AI-171—ने गुरुवार दोपहर 1:38 बजे अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरी, लेकिन महज दो मिनट बाद ही मेघाणीनगर के घोड़ा कैंप स्थित आईजीपी कंपाउंड में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में अब तक 241 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

### 268 शवों का पोस्टमॉर्टम, 5 की पहचान

सिविल अस्पताल के कासोटी भवन में 268 शवों का पोस्टमॉर्टम किया जा चुका है। अब तक केवल 5 शवों की पहचान हो पाई है, जिन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। इनमें दो भावनगर और एक ग्वालियर के छात्र शामिल हैं। शवों की पहचान के लिए 250 से अधिक डीएनए सैंपल लिए जा चुके हैं।

### अस्पतालों में परिजनों की भीड़, डीएनए जांच जारी

सिविल अस्पताल के बाहर 25 से अधिक एम्बुलेंस तैनात हैं। अस्पताल परिसर में परिजनों की भीड़ लगी हुई है, जो अपने प्रियजनों की पहचान और डीएनए सैंपल देने के लिए घंटों से इंतजार कर रहे हैं। कई परिवारों को अब तक कोई सूचना नहीं मिली है।

### प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने किया दौरा

गृह मंत्री अमित शाह के बाद शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सिविल अस्पताल पहुंचे। उन्होंने करीब 15 मिनट अस्पताल में बिताए और 10 मिनट तक घायलों से मुलाकात की। पीएम ने हादसे में जीवित बचे एकमात्र व्यक्ति, 38 वर्षीय रमेश विश्वकुमार से भी मुलाकात की।

### पूर्व मुख्यमंत्री रूपाणी भी थे विमान में

विमान में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और 1 कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री और 12 क्रू मेंबर सवार थे। हादसे में बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल पर भी प्रभाव पड़ा, जहां 50 इंटर्न डॉक्टर और स्टाफ की मौत हो गई।

### लापता परिजनों की तलाश में महिलाएं, बच्चे

एक महिला, जो एक छात्रावास में खाना बनाने का काम करती थी, अपनी मां और भतीजे की तलाश में अस्पताल पहुंची। उसका कहना है कि उसके पति की 6 महीने पहले मौत हो चुकी है और अब वह अपने परिवार के दो और सदस्यों को खोने के डर से टूट चुकी है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने भी लिया जायजा

गुजरात विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने भी बीजे मेडिकल कॉलेज और सिविल अस्पताल का दौरा किया और राहत कार्यों की समीक्षा की।

## हवा में बिखर गई खुशबू, रह गई यादें, सपनों की उड़ान ने तय कर लिया मौत का सफर, घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल



पाली/अहमदाबाद, 13 जून 2025 अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते समय विमान हादसे में जान गंवाने वाली 21 वर्षीय खुशबू कंवर राजपुरोहित की मौत से राजस्थान के पाली शहर का माहौल भारी हो गया है। बुधवार को खुशबू अपने ससुराल से आशीर्वाद लेकर लंदन जा रही थी, जहां उसे पति विपुल सिंह से मिलना था। गुरुवार को विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और खुशबू का सपना अधूरा रह गया।

### आखिरी विदाईः सास-ससुर ने हँसते हुए किया था रवाना

पाली शहर के जवाहर नगर निवासी खुशबू के ससुराल परिवार ने बताया कि वह 11 जून को सास-ससुर के चरण छूकर, पिता और जेठ के साथ अहमदाबाद के लिए रवाना हुई थी। वहां से 12 जून को उसने लंदन के लिए फ्लाइट पकड़ी। लेकिन, यह पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान ही उसकी अंतिम साबित हुई। ससुर गजेन्द्रसिंह राजपुरोहित रोते हुए बोले, "अगर हमें मालूम होता कि ऐसा कुछ होने वाला है, तो हम उसे कभी भेजते ही नहीं।"

### 5 महीने पहले हुई थी शादी, पति लंदन में करता है नौकरी

खुशबू की शादी 18 जनवरी 2025 को जोधपुर जिले के खाराबैरा पुरोहितान गांव निवासी 25 वर्षीय विपुल सिंह से हुई थी। विपुल लंदन के सरकारी हॉस्पिटल में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। शादी के दो महीने बाद ही वे लंदन लौट गए थे। उन्होंने पत्नी को वादा किया था कि जल्द ही उसे साथ ले जाएंगे और वह वादा निभाने जा रहे थे—पर नियति की योजना कुछ और ही थी।

### हादसे की खबर सुनते ही पति लंदन से भारत रवाना

खुशबू की मौत की खबर मिलते ही विपुल ने लंदन से भारत लौटने के लिए फ्लाइट पकड़ी। ससुराल और पीहर दोनों ही गहरे शोक में हैं। कई परिवारजन अभी भी यकीन नहीं कर पा रहे कि खुशबू अब इस दुनिया में नहीं है।

### 30 साल से पाली में रह रहा है ससुराल परिवार

खुशबू का ससुराल मूल रूप से जोधपुर के खाराबैरा गांव से है, लेकिन पिछले करीब 30 वर्षों से पाली के जवाहर नगर, मंडिया रोड इलाके में बसे हैं। गजेन्द्रसिंह राजपुरोहित पाली में कपड़े के व्यापारी हैं। उनके दो बेटे और दो बेटियां हैं।

## वरदीचंद की मौत के कुछ घंटों बाद अहमदाबाद में ही पोती हुई



उदयपुर के रूंड़ेडा निवासी वरदीचंद मेनारिया की मौत के कुछ घंटों बाद अहमदाबाद में ही उनकी पोती ने जन्म लिया। पोती को देखने आने के लिए वरदीचंद प्लान बनाकर गए थे और 20 जून को फिर इंडिया लौटने वाले थे।

अहमदाबाद गए वरदीचंद के भाई भगवान मेनारिया ने बताया कि भाई की एक बार तो लंदन जाने की इच्छा नहीं थी। लेकिन बड़ा काम मिला तो जाना पड़ा। वे 20 जून को वापस आने का कहकर गए थे। भगवान लाल ने बताया कि रात करीब साढ़े आठ बजे बहू ने बेटी को जन्म दिया। सप्ताह भर पहले ही छोटी बहू ने बेटे को जन्म दिया था।

## शुभ और शगुन मोदी के माता-पिता के डीएनए सैंपल लिए



उदयपुर शहर के सहेली नगर निवासी संजीव मोदी और उनकी पत्नी श्वेता मोदी अहमदाबाद में हैं। संजीव मोदी के भाई सतीश मोदी ने बताया- शवों की पहचान के लिए डीएनए सैंपलिंग की औपचारिकता को पूरा कर लिया गया है। पति-पत्नी दोनों के सैंपल लिए गए हैं। हॉस्पिटल से 72 घंटे का समय दिया गया है। इसके बाद आगे ही प्रक्रिया शुरू होगी। संजीव मोदी की मां अहमदाबाद में रहती हैं। शुभ और शगुन लंदन जाने से एक रात पहले अपनी दादी के पास अहमदाबाद में ही रुके थे।

## लोडिंग रिक्शा चलाने वाले पिता ने पायल को विदेश पढ़ने भेजा



उदयपुर के गोगुंदा की पायल खटीक का परिवार गुजरात के हिम्मतनगर में रहता है। उसके पिता सुरेश खटीक हिम्मतनगर में लोडिंग रिक्शा चलाते हैं और काफी संघर्ष कर बेटी को पढ़ाया-लिखाया था। गोगुंदा के हिम्मत खटीक ने बताया कि पायल लंदन में एमबीबीएस करने के लिए जा रही थी।

### जयप्रकाश की शवयात्रा श्मशान घाट पहुंची



बाड़मेर के एमबीबीएस स्टूडेंट जयप्रकाश की अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पार्थिव देह को धोरीमन्ना के बोर चारणान गांव से घर से चार किलोमीटर दूर सार्वजनिक श्मशान घाट ले जाया गया है।

## उज्जैन में राजा का पिंडदान, सोनम का भाई भी पहुँचा; मर्डर के बाद दूसरी महिला की हत्या की थी साजिश, सोनम ने पुलिस से मांगा नॉर्थ इंडियन खाना



इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में रोज़ नए खुलासे हो रहे हैं। मेघालय पुलिस ने शुक्रवार को भी पांचों आरोपियों से शिलॉन्ग के सदर थाने में पूछताछ जारी रखी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सभी आरोपी ज्यादातर समय शांत रहते हैं। इस दौरान सोनम समेत सभी ने पुलिस से नॉर्थ इंडियन खाने की मांग की, जिसे पुलिस ने उपलब्ध करवाया।

इधर, राजा के परिजन उज्जैन पहुंचे और शिप्रा के वट घाट पर पिंडदान किया। हैरानी की बात ये रही कि इस मौके पर सोनम का भाई गोविंद भी मौजूद रहा।

गोविंद बोला — 'पता होता तो शादी करवा देता, सोनम को फांसी होनी चाहिए'

गोविंद ने कहा, "मैं राजा के परिवार को अपने जीजा का नहीं, भाई का परिवार मानता हूं। अगर मुझे सोनम और राजा के अफेयर का पहले से पता होता, तो मैं दोनों की शादी करवा देता या कह देता कि भाग जाओ। वह आजाद ख्यालों की लड़की थी। अगर शादी नहीं करनी थी, तो साफ-साफ मना कर सकती थी।"

उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि सोनम ने परिवार का नाम बदनाम किया, और अब अगर वह दोषी साबित होती है, तो उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

### हत्या के बाद दूसरी महिला की हत्या की साजिश

पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि राजा की हत्या के बाद सोनम और राज की योजना एक महिला की भी हत्या करने की थी। योजना थी कि उस महिला को मारकर उसकी स्कूटी समेत जला दिया जाए या नदी में फेंक दिया जाए, ताकि पुलिस को लगे सोनम भी मारी जा चुकी है। इसके लिए इंदौर से सोनम के लिए काला बुर्का और 50 हजार रुपए भेजे गए थे, जिसे विशाल चौहान शिलॉन्ग लेकर पहुंचा। हत्या के बाद सोनम इसी बुर्के में टैक्सी से सिलीगुड़ी भागी थी।

मास्टरमाइंड राज कुशवाह, सोनम ने दिया साथ

जांच में सामने आया है कि राजा की हत्या का मास्टरमाइंड सोनम का प्रेमी राज कुशवाह था। उसने सोनम और राजा की शादी के 11 दिन पहले मर्डर का प्लान बना लिया था।

19 मई को तीन आरोपी विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी शिलॉन्ग पहुंच गए थे। राजा की हत्या के बाद सोनम 25 मई को इंदौर लौटी और 7 जून तक वहीं रही। फिर राज के साथ गाजीपुर भाग गई।

हत्या की प्लानिंग, सबूत और पुलिस की पकड़

मेघालय पुलिस ने अब तक हत्या से जुड़े 10 अहम सबूत जुटाए हैंः

होम स्टे से राजा का सारा सामान मिला, जबकि सोनम के बैग से जरूरी सामान गायब था।

राजा की सिम से आरोपी सोनम से लगातार संपर्क में रहे।

16 मई को इंदौर के कैफे में हत्या की प्लानिंग हुई थी।

हत्या में इस्तेमाल दाव (छोटी कुल्हाड़ी) पहले कभी इस्तेमाल नहीं हुई।

सोनम का CCTV फुटेज, राजा से दूर जाकर मैसेज करना और ट्रॉली बैग साथ ले जाना।

खून से सने कपड़े, रेनकोट और DNA सैंपल।

मोबाइल कॉल डिटेल, UPI ट्रांजेक्शन और चैटिंग रिकॉर्ड।

सोनम का स्थानीय पुलिस से संपर्क न करना।

सोनम के 3-4 मोबाइल नंबर और UPI पेमेंट राज और जितेंद्र के अकाउंट से।

दोस्त अभिषेक को फर्जी मैसेज भेजकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश।

### अपहरण ड्रामा की थी योजना

पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद योजना थी कि सोनम कुछ दिन बाद खुद सामने आकर दावा करेगी कि उसका अपहरण कर लिया गया था और उन्हीं लोगों ने राजा की हत्या कर दी।

### सोनम को कोर्ट में पेशी और सख्त सजा की मांग

राजा के परिजनों और गोविंद ने सोनम के लिए फांसी की मांग की है। मेघालय पुलिस इस केस में आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूतों के साथ जल्द चार्जशीट कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है।

## अमेरिका में बिकने वाले 97% आईफोन भारत में बनेःइस साल 37 हजार करोड़ के फोन भेजे; ट्रम्प ने कहा था- अमेरिका में बनाओ आईफोन




**24 न्यूज अपडेट**

एपल को ट्रम्प की धमकी के बावजूद अमेरिका में बिकने वाले लगभग सभी आईफोन भारत में बन रहे हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक एपल ने मार्च से मई 2025 के बीच भारत से जितने भी आईफोन एक्सपोर्ट किए, उनमें से 97% अमेरिका भेजे गए हैं।

इनकी कीमत 3.2 बिलियन डॉलर (27,000 करोड़ रुपए) रही। सिर्फ मई में ही करीब 1 बिलियन डॉलर यानी 8,600 करोड़ के आईफोन भारत से अमेरिका भेजे गए हैं। यानी एपल अब भारत में आईफोन एक्सक्लूसिव तौर पर अमेरिकी बाजार के लिए बना रहा है। जनवरी से मई 2025 तक भारत से अमेरिका को 4.4 बिलियन डॉलर(37 हजार करोड़) के आईफोन एक्सपोर्ट हो चुके हैं। ये आंकड़ा 2024 के 3.7 बिलियन एक्सपोर्ट से भी ज्यादा है। 2024 तक अमेरिका में बेचे जाने वाले 50% आईफोन भारत में बनते थे।


## 10 ग्राम सोने की कीमत 99,058 पार, आज 1603 बढ़ा:इस साल अब तक 22,896 महंगा; चांदी 1.06 लाख प्रति किलो हुई



**24 न्यूज अपडेट**

सोने के दाम में आज (13 जून, शुक्रवार) तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, सोने का भाव 1,603 बढ़कर 99,058 प्रति 10 ग्राम हो गया। बीते दिन सोने की कीमत 97,455 प्रति 10 ग्राम थी। वहीं इससे पहले 21 अप्रैल को सोना 99,100 पर पहुंचा था। चांदी में भी आज तेजी देखने को मिली। ये 669 बढ़कर 1,06,167 किलो हो गई। इससे पहले चांदी 1,05,498 प्रति किलो पर थी। वहीं 10 जून को चांदी ने 1,07,000 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## सेंसेक्स 573 अंक गिरकर 81,118 पर बंद:इजराइल के ईरान पर हमले का असर, निफ्टी भी 169 अंक फिसला; एयरलाइन कंपनियों के शेयर टूटे




**24 न्यूज अपडेट**

इजराइल के ईरान पर हमले के बाद आज यानी 13 जून को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 573 अंक गिरकर 81,118 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी करीब 169 अंक की गिरावट रही, ये 24,718 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में 4 में तेजी और 26 शेयर में गिरावट रही। बैंकिंग, ऑयल एंड गैस, ऑटो और IT शेयर ज्यादा गिरे। कल के एअर इंडिया के विमान के क्रैश होने के बाद एयरलाइन कंपनियों के शेयर भी टूटे हैं।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का शेयर 4% गिरा है। स्पाइसजेट 1.61% टूटा है। वहीं एअर इंडिया को ऑपरेट करने वाले टाटा ग्रुप के सभी शेयरों में गिरावट देखने को मिली।

## संपादकीय : सुरक्षा के सवाल

अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास हुई विमान दुर्घटना ने देश को झकझोर दिया है। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद हुई इस दुर्घटना से जांचकर्ताओं और विमानन विशेषज्ञों के सामने कई सवाल उठ खड़े हुए हैं। भारत में पिछले दशकों में कई हवाई दुर्घटनाएं देखी गई हैं हादसे के बाद विमानन क्षेत्र में सुरक्षा के नए मान लेकर मंथन हुआ है और जरूरी बदलाव किए गए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक छानबीन के तय मानक हैं। और सुझावों को हर देश को मानना होता है। सवाल उठता है कि अहमदाबाद में क्या हुआ। हादसे के जो वीडियो सामने आए हैं, उनसे स्पष्ट है कि विमान उड़ते समय नीचे गिरा । अचानक विमान की बिजली ठप हो जाने से ऐसा होता है। इससे इंजन बंद हो जाते हैं इस बात की कम संभावना होती है कि किसी विमान के दोनों इंजन एक साथ बंद हो जाएं। विशेषज्ञों के मु इस हादसे में एक बात खटकने वाली है। विमान के उड़ान भरते ही लैंडिंग गियर को ऊपर उठा दिया जाता है, लेकिन इसका लैंडिंग गियर नीचे था । संभव है कि पायलट को इंजन में खराबी का पता चला हो और उसने संभालने की कोशिश की हो। दरअसल, विमान का उड़ान भरना और उतरना उड़ान का सबसे खतरनाक चरण होता है। जब यह हादसा हुआ, तब विमान 625 फुट की ऊंचाई पर था, जिससे यह सवाल उठता है कि क्या चालक दल किसी एक ही समस्या से निपट रहा था या एक साथ कई समस्याओं से। हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर था जो चौड़े आकार वाला और दो इंजन से लैस होता है। जब जांच होगी तो पहला सवाल यही पूछा जाएगा कि यह विमान उड़ान भरने के लिए सही ढंग से तैयार था या नहीं। जेट विमानों में कई सहयोगी प्रणालियां होती हैं जिसमें केवल एक इंजन के साथ ऊपर चढ़ने की क्षमता भी शामिल होती है। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ कि एअर इंडिया के इस विमान ने कितनी उड़ानें पूरी की थीं। फ्लाइट रडार24 के आंकड़ों के मुताबिक, यह विमान एक दशक से भी ज्यादा पुराना था । बोइंग के ड्रीमलाइनर को लेकर अतीत में सुरक्षा संबंधी चिंताएं सामने आई थीं, लेकिन कभी दुर्घटना नहीं हुई थी। भारतीय वायु क्षेत्र में पिछला बड़ा हादसा 2020 में हुआ था, जब एअर इंडिया एक्सप्रेस की सहायक कंपनी का एक यात्री विमान केरल में बारिश से भीगे फिसल गया और दो टुकड़ों में टूट गया। कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2010 में एअर एक्सप्रेस का एक विमान मँगलोर में एक पहाड़ी फिसल गया था । विमान में आग लग गई थी, जिसमें 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी । यह वह दौर था, जब भारत के तेजी से बढ़ते विमानन क्षेत्र में सुरक्षा और व्यावसायिकता को लेकर कई स्तर पर लोग चिंति अब स्थिति सुधरने लगी थी और विमानन क्षेत्र ने करवट लेनी शुरू की थी। सरकार ने उड़ान समेत क नई योजनाएं शुरू की। ऐसे में बड़े हादसे से समूची ठिठक जाएगी । उठे सवालों पर मंथन कर आगे बढ़ना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि झकझोर देने वाले इस हादसे से विमानन कंपनियों समेत तमाम पक्ष सबक लेंगे और सुरक्षा की सौ फीसद गारंटी दी जा सकेगी।

## दूरगामी कदम

भीषण गर्मी का दौर जारी है। गर्मी से बचाव के लिए पंखे और एअरकंडीशनर का उपयोग बढ़ गया है। ऐसे समय में बिजली कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएं, तो की परेशानियां बढ़ सकती हैं। उत्तर प्रदेश में बिजली कंपनियों के निजीकरण के खिलाफ कर्मचारियों में बड़े आंदोलन की सुगबुगाहट निस्संदेह चिंता का विषय है। राज्य में बिजली आपूर्ति बाधित होने से पहले ही राज्य सरकार सरकार अगर अपनी तैयारी कर लेना चाहती है, तो यह कोई गलत भी नहीं। बिजली विभाग और उससे संबंधित वितरण कंपनियों में हड़ताल की संभावनाओं को देखते हुए आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) लागू करने का निर्णय दूरगामी कदम है। कर्मचारियों में बढ़ते गुस्से ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने न केवल हड़ताल पर छह महीने की रोक लगाई है, बल्कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश भी जारी कर दिया है। आंदोलन पर कर्मचारी बिना किसी जांच के बर्खास्त कर दिए जा पिछले दिनों कार्मिक नियमावली में संशोधन कर सरकार जिस तरह कड़ा रुख अपनाया है, इससे लगता है कि वह कर्मचारियों के आगे झुकने के लिए तैयार नहीं है। वह राज्य में बिजली की निर्वाध आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहती गौरतलब है कि बिजली कंपनियों के निजीकरण के खिलाफ राज्य भर के कर्मचारी पहले भी नाराजगी जताते रहे हैं। इस मसले पर सरकार से उनका कई बार टकराव हो चुका है। इस बार मुद्दा बिजली निगमों के निजीकरण क ही सेवा नियमावली में व्यापक संशोधन व बड़े अधिक को मनमाने अधिकार दिए जाने से भी कर्मचारी आक्रो हैं। सवाल यह भी है कि अगर शांतिपूर्वक आंदोलन कर्मचारियों को बर्खास्त किया जाता है या उन्हें पदावनत किया जाता है, तो यह अलोकतांत्रिक ही नहीं, मौलिक अधिकारों का भी हनन होगा। ऐसी परिस्थिति में कर्मचा के साथ मिल-बैठ कर बीच का कोई रास्ता निकाला जा सकता है। कोई दो मत नहीं कि राज्य सरकार ने गर्मी के दौरान बिजली की लगातार बढ़ती मांग को ध्यान में रख कर ही सख्ती दिखाई है। कर्मचारियों को भी चाहिए कि वे संयम और अनुशासन में रहते हुए अपनी बात रखें।

# उदयपुर में कोरोना के केस बढ़े, अब तक 37 केसःदो महीने में ज्यादा मरीज सामने आए, प्रतापगढ़ में एक महिला की मौत हो चुकी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे है। इस महीने अब तक 26 कोरोना पॉजिटिव मिल चुके हैं। वहीं मई में 11 रोगी सामने आए थे। ये आंकड़ा जनवरी से मई महीने तक केवल 11 था। ऐसे में मई के बाद लगातार केस बढ़े है। प्रतापगढ़ की एक महिला की 6 जून को मौत भी हो चुकी है।

एमबी हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ आर.एल. सुमन ने बताया- हर दिन दो से तीन केस पॉजिटिव आ रहे है लेकिन हमें डरने की जरूरत नहीं हैं। इस बार कोरोना का वेरिएंट पहले जैसा नहीं है। यही कारण है कि इस बार ज्यादातर केस बहुत सीरियस नहीं है। कुछ ही पॉजिटिव रोगियों को भर्ती करने की जरूरत पड़ रही है। बाकी, लोगों से अपील है कि वे डरें नहीं, अगर उन्हें लक्षण महसूस होता है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं और अपना टेस्ट कराएं।

### इस बार मरीजों को भर्ती करने की नौबत नहीं

मेडिसिन विभाग के डॉक्टर ओपी मीणा ने बताया- कोरोना रोगियों में बुखार, खांसी, गले में खराश जैसे सामान्य लक्षण सामने आ रहे है। इसके अलाव सर्दी-शरीर में दर्द जैसे लक्षणों वाले मरीज में भी कोरोना का नया वैरिएंट मिल रहा है। इस बार मरीजों को भर्ती किए जाने जैसी नौबत नहीं आ रही है। सभी घर पर ही आइसोलेट किए जा रहे है। एमबी हॉस्पिटल की ओपीडी में हर रोज अलग-अलग बीमारियों के औसतन 400 मरीज आ रहे हैं।

### 10 बेड आईसीयू में रिजर्व, रोज करीब 10 टेस्ट हो रहे

एमबी हॉस्पिटल में कोविड प्रोटोकॉल के तहत अस्पताल में आईएलआई की अलग से ओपीडी संचालित है। अस्पताल में पहले ही संक्रामक रोग केन्द्र स्थापित है। इसमें 10 बेड आईसीयू के मरीजों के लिए रिजर्व है। अस्पताल में हर रोज औसतन 9-10 मरीजों का कोविड टेस्ट किया जा रहा है। बाकी, जिसको खुद में कोरोना के लक्षण महसूस होते हैं, वह यहां आकर अपना टेस्ट करा सकता है।

# उमंग-5 अभियान में दो बालश्रमिकों को रेस्क्यू कर दिलाया गया सुरक्षित आश्रय




24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। जिले में बालश्रम, बंधुआ मजदूरी एवं मानव दुर्व्यापार की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक चित्तौड़गढ़ के निर्देशन में चल रहे "उमंग-5" विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को एक अहम कार्रवाई की गई। चन्देरिया थाना पुलिस, बाल अधिकारिता विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) और जनसाहस संस्थान की संयुक्त टीम ने थाना चन्देरिया क्षेत्र के पुरोहितों का सांवता स्थित शिव भोजनालय में दबिश देकर दो बालश्रमिकों को रेस्क्यू किया और बालश्रम से मुक्त करवाया।

### 13-14 घंटे कराए जा रहे थे बच्चों से काम

चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला समन्वयक नवीन काकड़दा ने बताया कि रेस्क्यू के बाद बच्चों की काउंसलिंग की गई। इसमें बच्चों ने बताया कि होटल मालिक उनसे दोपहर 12:00 बजे से रात 2:00 बजे तक लगभग 13-14 घंटे तक काम करवाता था। यह किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। होटल मालिक पर दर्ज हुई एफआईआर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए चन्देरिया थाना पुलिस ने होटल मालिक के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत एफआईआर दर्ज की है। बचाए गए दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति, चित्तौड़गढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से राजकीय किशोर गृह, चित्तौड़गढ़ में सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया।

इस संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन में चन्देरिया थाना से एएसआई मुकेश कुमार, कॉन्स्टेबल किशनलाल चाइल्ड हेल्पलाइन से काउंसलर करण जीनवाल, सुपरवाइजर नानूराम जाट, केस वर्कर इरफान तथा जनसाहस संस्थान से संदीप कुमार ने अहम भूमिका निभाई।

# चमत्कार या ईश्वर की कृपा? अंतिम संस्कार की तैयारियां हो चुकी थीं पूरी, लेकिन एंबुलेंस में चलने लगीं सांसें! अब जिला अस्पताल में इलाज जारी



24 न्यूज अपडेट


**रिपोर्ट- गोपाल लोढ़ा.** गोगुंदा से एक बेहदसुखद और चमत्कारी खबरसामने आई है, जिसने पूरे इलाके को हैरानी और खुशी के मिले-जुले भाव में डाल दिया है। सायरा थाना क्षेत्र के झालों का कलवाड़ा गांव निवासी धन सिंह राजपूत, जिन्हें मुंबई में हार्ट अटैक के बाद मृत घोषित कर दिया गया था, अचानक एंबुलेंस में होश में आ गए! मुंबई के जवेरी बाजार में सोने-चांदी की दुकान पर कार्यरत धन सिंह को गुरुवार सुबह दिल का दौरा पड़ा। परिजनों को बताया गया कि उन्होंने एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई, घर में रोना-धोना शुरू हो गया और व्हाट्सएप पर शोक संदेश भी प्रसारित कर दिए गए। रिश्तेदारों को सूचना देकर अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी गईं। वेंटिलेटर से जुड़ा शरीर एंबुलेंस के माध्यम से पैतृक गांव लाया जा रहा था। इस दौरान उनके सेठ और सेठानी भी अंतिम दर्शन के लिए मुंबई से रवाना हुए, लेकिन उनकी दो फ्लाइटें कैंसिल हो गईं। तीसरी फ्लाइट पकड़कर जैसे-तैसे वे गोगुंदा पहुंचे।

गांव से कुछ दूर परिजनों ने एंबुलेंस को रोका ताकि मालिक अंतिम बार अपने कर्मचारी के दर्शन कर सकें। जैसे ही एंबुलेंस का दरवाजा खोला गया, सेठ जी अवाक रह गए देखा तो धन सिंह कीसांसें चल रही थीं!

यह दृश्य देखकर पूरे माहौल में सन्नाटापसर गया, फिर उसी क्षण वहसन्नाटा खुशी की लहरमें बदल गया। परिजनों की आंखें नम थीं, लेकिन इस बारखुशी के आँसुओं से। हालांकि कुछ ही समय बाद धन सिंहपैरालिसिसकी चपेट में आ गए, जिसके बाद उन्हें तुरंत गोगुंदा से उदयपुर के जिला अस्पताल ले जाया गया। वहाँ उनका उपचार जारी है और डॉक्टरों की टीम उन्हें लगातार निगरानी में रखे हुए है। गांव और क्षेत्र में यह घटना कौतूहल और चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग इसे ईश्वर की कृपा और चमत्कार मान रहे हैं।




# रणथंभौर में भीड़ पर टाइगर का हमलाःएनीकट पर पानी पी रहा था, सेल्फी ले रहे थे लोग, दो घायल



24 न्यूज अपडेट

रणथंभौर में एनीकट पर पानी पी रहे टाइगर को देखने पहुंची भीड़ पर बाघ ने हमला कर दिया। हमले में भीड़ में शामिल सीनियर एग्रीकल्चर सुपरवाइजर (वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक) और होमगार्ड जवान घायल हो गया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भीड़ में मौजूद लोग सेल्फी भी ले रहे थे। घटना फलौदी रेंज के कैलाशपुरी तालाब के पास बने एनीकट पर शुक्रवार दोपहर को हुई।

सवाई माधोपुर शहर निवासी वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक सीताराम सैनी ने बताया- वह दूमोदा गांव में सियाराम गुर्जर की तारबंदी देखकर लौट रहा था। इसी दौरान फलौदी रेंज के कैलाशपुरी तालाब के पास टाइगर को देखने के लिए भीड़ लगी हुई थी। उन्हें देखकर वह एनीकट के पास रुक गया, तभी अचानक टाइगर ने हमला कर दिया। हमले में पैर जख्मी हो गया। इससे अफरा-तफरी मच गई।

इस बीच मुझे बचाने के लिए भीड़ में खड़े होमगार्ड जवान बाबूलाल आगे आया और टाइगर को भगाने का प्रयास किया। टाइगर एग्रेसिव होकर होमगार्ड के मुंह पर झपटा और पंजा मारकर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने हमले की सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

# दादा के पास सोया मासूम 100 फीट गहरे-कुएं में मिलाः400 मीटर दूर रोने की आवाज से पता चला; पिता का आरोप- परिवार ने फेंका



24 न्यूज अपडेट

सीकर में बीती रात एक ढाई साल का मासूम बच्चा अपने दादा के साथ सोया था। शुक्रवार सुबह जब घरवालों को बच्चा नहीं मिला तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर बाद बच्चा घर से करीब 400 मीटर दूर एक सूखे कुएं में पड़ा मिला। रोने की आवाज सुनकर परिजनों को बच्चे के कुएं में होने का पता चला। तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्चे को कुएं से बाहर निकाला गया।

बच्चे के पिता का आरोप है कि पिछले डेढ़ साल से परिवार के कुछ लोग उन्हें पैर तोड़ने और जान से मारने की धमकियां दे रहे थे। उनका कहना है कि इन्हीं लोगों ने बच्चे को कुएं में फेंका है। मामले की शिकायत दर्ज कराने के लिए वह पुलिस थाने पहुंचे हैं। पूरा मामला दांतारामगढ़ थाना इलाके के पचार गांव की डोला की ढाणी का है।

रात को दादा के साथ सोया था मासूम थानाधिकारी जयसिंह बसेरा ने बताया कि ढाई वर्षीय हिमांशु कुमावत पुत्र मोहनलाल रात को अपने दादा मदन के साथ बिस्तर पर सो रहा था। सुबह जब दादा और परिवार के लोग उठे तो बच्चा नहीं मिला। परिजनों ने ढाणी और आसपास के इलाकों में तलाश शुरू की।

### कुएं से आई रोने की आवाज

बच्चे की तलाश के दौरान परिजनों को घर से करीब 400 मीटर दूर एक सूखे कुएं से मासूम की रोने की आवाज सुनाई दी। जब कुएं के पास जाकर देखा तो लगभग 100 फीट गहरे कुएं के पेंदे में बच्चा रो रहा था। तुरंत कार्रवाई करते हुए मासूम को बाहर निकाला गया।

### जान से मारने की धमकियां दे रहे थे परिवार के लोग

हिमांशु के पिता मोहनलाल ने बताया कि रात 11:00 से 11:30 बजे के बीच बच्चा दादा के पास सोया था और सुबह 5:00 से 5:30 बजे के बीच गायब हो गया। मोहनलाल का आरोप है कि पिछले डेढ़ साल से परिवार के कुछ लोग उन्हें पैर तोड़ने और जान से मारने की धमकियां दे रहे थे। उन्हें आशंका है कि इन्हीं लोगों ने बच्चे को कुएं में फेंका है।

कुएं तक कैसे पहुंचा बच्चा, जांच जारी थानाधिकारी बसेरा ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई थी, लेकिन अब मोहनलाल शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बच्चा घर से 400 मीटर दूर कुएं तक कैसे पहुंचा।

# डूंगपुर में जमीन विवाद को लेकर मारपीटःभाटपुर सरपंच समेत 5 लोगों पर महिला से छेड़छाड़ और धमकी देने का आरोप



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर के सदर थाना क्षेत्र के मेताली गांव में जमीन विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। भाटपुर सरपंच समेत 5 लोगों पर हमला करने, महिला से छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सदर थाना पुलिस के अनुसार कांतिलाल पुत्र माधवलाल डामोर मीणा निवासी रोहनवाडा फला नया ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि उसके पिता माधवलाल के नाम से मेंताली 1.13 हेक्टेयर काश्त की जमीन है। जिस पर सभी भाइयों का कब्जा है। इसके पास ही दूसरी जमीन भाटपुर पंचायत के सरपंच प्रकाश पुत्र कमलाशंकर कटारा मीणा, रमेश पुत्र लालशंकर कटारा मीणा, हीरालाल पुत्र लालशंकर कटारा, कमलाशंकर पुत्र लालशंकर और कमलाशंकर के परिवार की जमीन है। आरोपी हमारी जमीन पर कब्जा करने और हड़पने की नियत से आए दिन झगड़ा करते हैं।

10 जून को विवाद को सुलझाने प्रशासन की ओर से दोनों पक्षों की मौजूदगी में सीमांकन करवाया गया। इसके बाद जमीन पर पत्थरगढ़ी का काम शुरू करवाया गया। पत्थरगढ़ी के लिए गुरुवार को भाई भूपेंद्र डामोर, सतीश डामोर और परिवार के लोग जेसीबी से नींव खुदाई का काम करवा रहे थे। इसी दौरान सरपंच प्रकाश और अन्य लोग मौके पर पहुंचे। वहीं सभी ने मिलकर जमीन विवाद में हमला कर दिया। लात घूसों से मारपीट की। वहीं महिला को नीचे गिरकर उसके साथ ही छेड़छाड़ की। वहीं सतीश के सिर पर लट्ठ से हमला किया। जिससे सतीश समेत सभी लोगों को चोट आई। हमलावरों ने जमीन छोड़ने और जान से मारने की धमकियां दी। पूरे मामले में शिकायत पर भाटपुर सरपंच समेत अन्य लोगों के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश: बचे इकलौते यात्री रमेश विश्वास ने बताया - दरवाजा टूटा और मैं सीट समेत नीचे गिर गया, PM



24 न्यूज अपडेट

अहमदाबाद। अहमदाबाद में गुरुवार को हुए भीषण प्लेन हादसे में जहां 241 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं एकमात्र जीवित बचे रमेश विश्वास कुमार ने अपनी आपबीती सुनाई। उनका कहना है कि उन्हें अब भी यकीन नहीं हो रहा कि वो कैसे जिंदा बच पाए।

रमेश फिलहाल अहमदाबाद सिविल अस्पताल में भर्ती हैं। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अस्पताल पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। दोनों के बीच करीब 5-10 मिनट तक बातचीत हुई।

"लगा था मैं भी मरने वाला हूं" — रमेश विश्वास

**रमेश ने मीडिया को बताया** —"मुझे पता नहीं चला कैसे सब कुछ हुआ। टेक-ऑफ के 5-10 सेकंड बाद ही कुछ अजीब लगा। फिर ग्रीन और व्हाइट लाइट जलने लगी। अचानक तेज आवाज के साथ जोरदार धमाका हुआ और विमान नीचे गिर गया। मेरी सीट जिस हिस्से में थी, वो बिल्डिंग के निचले हिस्से से टकराई। आग ऊपर के हिस्से में लगी थी। शायद मैं दरवाजा टूटने से सीट समेत नीचे गिर गया। सामने खाली जगह दिखी तो जैसे-तैसे निकलने की कोशिश की।"

उन्होंने बताया कि उनकी आंखों के सामने ही दो एयर होस्टेस, एक अंकल-आंटी और अन्य यात्री जल रहे थे। इसके बाद वो खुद घटनास्थल से पैदल चलते हुए बाहर आए।

## प्रधानमंत्री ने जाना हाल

पीएम मोदी ने अस्पताल जाकर रमेश विश्वास का हालचाल जाना। पीएम ने हादसे के बारे में पूछा और हौसला बढ़ाया। इस मुलाकात के दौरान रमेश ने बताया कि हादसे का पूरा घटनाक्रम कैसे हुआ और किस तरह वे किसी तरह बचकर बाहर निकले।

## 240 लोगों की मौत, डॉक्टर कॉलोनी भी चपेट में

गौरतलब है कि एयर इंडिया की फ्लाइट AI-171 (बोइंग 787 ड्रीमलाइनर) अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 242 लोग सवार थे।

169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली, 1 कनाडाई यात्री और 12 क्रू मेंबर सवार थे।

हादसा अहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल के पास एक बिल्डिंग से टकराकर हुआ, जिसमें डॉक्टर्स की कॉलोनी थी।

हादसे के समय इमारत में 50-60 डॉक्टर मौजूद थे। इनमें से 15 से अधिक घायल हो गए।

## बिल्कुल झुलस चुके शव

हादसे के बाद मिले ज्यादातर शव पूरी तरह झुलस चुके थे। राहत व बचाव दल को भी शवों की पहचान में कठिनाई हो रही है।

## हादसे की जांच जारी

फिलहाल एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक टेक-ऑफ के दौरान तकनीकी गड़बड़ी की आशंका जताई जा रही है।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर शादीशुदा महिला से होटल में रेप, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल - आरोपी जयपुर से गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। जिले के सदर थाना क्षेत्र में एक शादीशुदा महिला को होटल में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने और फिर उसकी अश्लील वीडियो व फोटो बनाकर ब्लैकमेल करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जयपुर से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ समय पहले उसने इंस्टाग्राम पर 'रिजवान खान' नामक युवक की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार की थी। धीरे-धीरे युवक ने महिला से दोस्ती बढ़ाई और बातचीत में उसे फंसा लिया। करीब 7-8 महीने पहले आरोपी ने महिला को चित्तौड़गढ़ स्टेशन के पास होटल मीनाक्षी में बुलाया। महिला के वहां पहुंचने पर आरोपी ने उसे पीने के लिए कुछ दिया, जिससे महिला बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपी ने दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो व फोटो बना लिए। ब्लैकमेल कर वसूले एक लाख कैश और चांदी की चेन होश में आने के बाद महिला को रेलवे स्टेशन के पास छोड़ दिया गया। इसके बाद आरोपी ने महिला को धमकाते हुए कहा कि यदि उसने पैसे और सामान नहीं दिए, तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा और उसके परिवार तक भी पहुंचा देगा। डर के मारे महिला ने उसे एक लाख रुपये, एक मोबाइल और चांदी की चेन दे दी। लेकिन आरोपी इससे भी नहीं रुका और महिला के पति को भी फोटो व वीडियो भेजकर धमकाना शुरू कर दिया।


## जयपुर से गिरफ्तारी, असली नाम एजाज खान

पुलिस उप अधीक्षक विनय चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी को जयपुर के हसनपुरा इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसका असली नाम एजाज खान है और उसने इंस्टाग्राम पर फर्जी नाम 'रिजवान खान' से अकाउंट बना रखा था। पूछताछ में आरोपी ने नकद रकम लेने से इनकार किया है, लेकिन पुलिस तकनीकी और खातों की जांच कर रही है।

# एजीटीएफ की बड़ी कार्रवाई: चाकसू व शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में पकड़ा अवैध मादक पदार्थ से भरा ट्रक और एस्कॉर्ट कर रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी







24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 13 जून। राजस्थान में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने एक बड़ी सफलता दिलाई है। एजीटीएफ की टीम ने जयपुर दक्षिण के चाकसू थाना क्षेत्र में एक ट्रक से 424 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार करवाया। इससे कुछ समय पहले टीम ने शिवदासपुरा टोल पर नाकाबंदी कर ट्रक को एस्कॉर्ट कर रही एक स्कॉर्पियो समेत गैंग के सरगना सहित तीन जनों को पकड़ लिया था। जब्त किये गए मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 करोड रुपए आंकी गई है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध एवं एजीटीएफ श्री दिनेश एम एन ने बताया कि इस कार्रवाई में पांच आरोपियों को मादक पदार्थ की तस्करी करते रंगे हाथों पकड़ा गया। जिन्हें थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुमेर मीणा पुत्र रामचन्द्र (48), नानगराम बलाई पुत्र चौथु राम (55), नरेंद्र सिंह जाट पुत्र धर्मपाल (45) और दीपक गुर्जर पुत्र मोगा राम (38) निवासी खोराबिसल, जयपुर पश्चिम) के साथ-साथ हिमांशू माटा पुत्र प्रेम चन्द (29) निवासी करनाल, हरियाणा के रूप में हुई है। इनके पास से गांजे के साथ-साथ दो वाहन एक ट्रक और एक स्कॉर्पियो भी जब्त किए गए हैं।

## तस्करों के नेटवर्क पर एजीटीएफ का शिकंजा

एडीजी श्री दिनेश एम एन के कड़े निर्देशों के तहत एजीटीएफ की टीम लगातार सक्रिय रह कर इनामी अपराधियों व अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में गठित टीम के सदस्य एएसआई शंकर दयाल शर्मा एवं हेड कांस्टेबल कमल सिंह व शशिकांत को बिहार और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से जयपुर में गांजा तस्करी किए जाने की खुफिया सूचना मिली थी।

पुलिस निरीक्षक श्री सुभाष सिंह के कुशल नेतृत्व में एजीटीएफ की 17 सदस्यीय टीम ने इस सूचना को तकनीकी संसाधनों और गहन आसूचना संकलन के माध्यम से विकसित किया गया, जिसके बाद इस बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया गया। इस कार्रवाई ने राज्य में नशे के कारोबारियों पर नकेल कसने के एजीटीएफ के इरादों को और मजबूत किया है।

## शिवदासपुरा टोल पर पकड़ी एस्कॉर्ट कर रही स्कार्पियो

छत्तीसगढ़ से मिनी ट्रक में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ तस्करी कर लाये जाने की पुख्ता सूचना पर एजीटीएफ की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिल कर शिवदासपुरा टोल पर नाकाबन्दी कर तेज गति से आ रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी को रुकवाया गया। जिसमे तीन व्यक्ति सुमेर मीणा, नरेंद्र और नानग राम सवार थे। जिन्होंने पीछे आ रहे एक मिनी ट्रक को एस्कॉर्ट करना बताया।

## चाकसू में पकड़ा अवैध मादक पदार्थ से भरा ट्रक

ट्रक में अवैध मादक पदार्थ गांजा की बड़ी खेप थी। दोनों गाड़ियां जीपीएस से कनेक्ट थी, इस वजह से स्कॉर्पियो पकड़े जाने का अंदेशा होते ही ट्रक चालक दीपक और हिमांशु चाकसू इलाके में ट्रक को रोक खेतों में होकर भागने लगे, इन दोनों को भी एजीटीएफ की टीम ने स्थानीय थाना पुलिस को साथ लेकर घेर कर पकड़ लिया।

## दवाइयां की आड़ में छत्तीसगढ़ से की जा रही थी तस्करी

टीम ने ट्रक की तलाशी ली तो उसमें दवाइयां के बॉक्स रखे हुए थे, जिसकी आड़ में आरोपी तस्कर नशे की तस्करी कर रहे थे। इस गैंग का सरगना सुमेर मीणा है। जो पहले भी दो बार छत्तीसगढ़ से मादक पदार्थ तस्करी कर जयपुर लेकर आया था, तीसरी बार एजीटीएफ की सतर्कता से पकड़ा गया। गिरोह का सरगना सुमेर मीणा खुद आगे रहकर स्कॉर्पियो से ट्रक को छत्तीसगढ़ से ही एस्कॉर्ट कर रहा था।

## टीम का सराहनीय योगदान

इस पूरी कार्रवाई में एएसआई शंकर दयाल शर्मा और हैड कांस्टेबल कमल सिंह और शशिकांत की विशेष भूमिका रही, जिन्होंने सूचना संकलन और ऑपरेशन को अंजाम देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एएसआई शैलेंद्र शर्मा, हैड कांस्टेबल सुरेश कुमार, नरेंद्र सिंह, मदन लाल, अरुण कुमार, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम, बृजेश शर्मा, संदीप, सुरेश, हरीश, राजवीर और चालक सुरेश कुमार का भी सराहनीय सहयोग रहा। इस कार्रवाई में एसएचओ चाकसू मनोहर लाल मय टीम एवं थाना शिवदासपुरा से उप निरीक्षक लेखराज व कांस्टेबल मेघराज मय टीम शामिल थे।

एजीटीएफ की इस कार्रवाई से नशे के खिलाफ राजस्थान पुलिस के अभियान को एक नई गति मिली है। पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे ताकि राज्य को मादक पदार्थों से मुक्त किया जा सके।

# गुवाहाटी में होनी थी राजा की हत्या, योजना फेल होते ही शिलॉन्ग को चुना - सोनम ने तुरंत लिख दी हत्या की नई स्क्रिप्ट



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, नेशनल डेस्क। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक राजा की हत्या की पहली योजना असम के गुवाहाटी में बनाई गई थी। 19 मई को सोनम के प्रेमी राज कुशवाह के कहने पर विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी गुवाहाटी पहुंच गए थे। वहां हत्या के लिए एक छोटी कुल्हाड़ी भी खरीदी गई थी, लेकिन किसी कारण योजना फेल हो गई।

इसके बाद सोनम ने राजा को हनीमून के बहाने शिलॉन्ग चलने के लिए तैयार किया। 21 मई को दोनों शिलॉन्ग पहुंचे और 23 मई को सुनसान जगह पर राजा की हत्या कर दी गई।

## हत्या का मास्टरमाइंड राज, सोनम थी बराबर की साझेदार

मेघालय के एसपी विवेक सैयाम के मुताबिक, इस पूरे हत्याकांड का मास्टरमाइंड सोनम का कथित प्रेमी राज कुशवाह है। दोनों ने सोनम की शादी के 11 दिन पहले ही राजा को रास्ते से हटाने का फैसला कर लिया था।

राज और सोनम के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। शादी के बाद दोनों हनीमून के बहाने राजा को गुवाहाटी ले जाने वाले थे और वहीं हत्या की साजिश रची गई थी।

## गुवाहाटी में क्यों फेल हुई योजना?

19 मई को विशाल, आकाश और आनंद गुवाहाटी पहुंचे। वहां एक कुल्हाड़ी खरीदी, लेकिन हालात ऐसे बने कि राजा की हत्या नहीं हो सकी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षा व्यवस्था और आसपास की गतिविधियों के कारण मामला टालना पड़ा।

इसके बाद सोनम ने राजा को शिलॉन्ग चलने के लिए मनाया। राजा राजी हो गया और 21 मई को दोनों शिलॉन्ग के बालाजी गेस्ट हाउस पहुंचे।

## होमस्टे में किया कत्ल, फिर रची खुद के अगवा होने की कहानी

22 मई को दोनों सोहरा (चेरापूंजी) चले गए। अगले दिन सुनसान जगह और होमस्टे में विशाल, आकाश और आनंद ने सोनम की मदद से राजा की हत्या कर दी। हत्या के बाद सोनम ने खुद को पीड़ित साबित करने की योजना बनाई। सोनम का प्लान था कि वह सिलीगुड़ी भाग जाए और वहां खुद को अगवा बताया जाए। इसके लिए इंदौर में किराए का कमरा भी पहले से तय था, जहां वो हत्या के बाद रुकी रही।

7 जून को पुलिस का दबाव बढ़ा और सोनम को खबर मिली कि आकाश पकड़ा गया है। इसके बाद वह इंदौर छोड़कर गाजीपुर के एक ढाबे पर जा छुपी।

## सोशल मीडिया से मिल रही थी तलाश अभियान की जानकारी

2 जून को जब राजा की लाश मिली, तब भी सोनम इंदौर में ही थी। वह सोशल मीडिया और न्यूज अपडेट्स से पुलिस सर्च ऑपरेशन की खबरें देख रही थी। सोनम के भाई गोविंद के शक और पुलिस दबाव के बाद सोनम ने फिर सिलीगुड़ी भागने की योजना बनाई ताकि परिवार और पुलिस को लगे कि उसे भी आरोपी उठा ले गए।

## कॉन्ट्रैक्ट किलिंग की थ्योरी गलत

पुलिस ने साफ किया है कि यह कॉन्ट्रैक्ट किलिंग नहीं थी। विशाल, आनंद और आकाश सभी राज के दोस्त थे और उसे सोनम से मिलाने के लिए हत्या को अंजाम देने के लिए तैयार हुए। सोनम ने इन्हें 15,000 रुपये खर्च के लिए दिए थे, कोई सुपारी नहीं दी गई थी।

## अब तक की जांच में मिले अहम बिंदु

गुवाहाटी में हत्या की योजना थी, वहां नाकाम होने पर शिलॉन्ग में की हत्या।

हत्या के लिए कुल्हाड़ी खरीदी गई थी।


सोनम ने खुद को बचाने के लिए अगवा होने की स्क्रिप्ट बनाई थी।

इंदौर में हत्या के बाद भी 7 जून तक किराए के कमरे में रुकी रही।

सोशल मीडिया से सर्च ऑपरेशन की जानकारी लेती रही।

सिलीगुड़ी और नेपाल भागने का भी प्लान था।

# अहमदाबाद प्लेन हादसा: ट्रैफिक ने बचाई महिला की जान, 10 मिनट की देरी ने भूमि चौहान को दे दिया 'जीवनदान'



24 न्यूज अपडेट

अहमदाबाद। कभी-कभी किस्मत भी अनजाने में जीवनदान दे जाती है। ऐसा ही हुआ भरूच की रहने वाली भूमि चौहान के साथ, जिनकी जान महज 10 मिनट की देरी ने बचा ली। अहमदाबाद एयरपोर्ट पर 12 जून को हुए भीषण विमान हादसे में जहां 241 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, वहीं ट्रैफिक में फंसने के कारण भूमि उस फ्लाइट में सवार नहीं हो पाईं और मौत के मुंह से लौट आईं।

भूमि दो साल बाद भारत आई थीं और 12 जून को लंदन लौटने वाली थीं। लेकिन ट्रैफिक ने उनकी जिंदगी बचा दी। "जब प्लेन गिरा, मैं एयरपोर्ट के गेट पर थी"

**भूमि ने बताया कि-** "फ्लाइट दोपहर 1:10 बजे थी। बोर्डिंग दोपहर 12:10 पर बंद हो गई थी और मैं 12:20 पर एयरपोर्ट पहुंची। मैंने अधिकारियों से हाथ जोड़कर कहा कि बस चेक-इन कर लूं, मगर उन्होंने मना कर दिया। मुझे बहुत गुस्सा और दुख भी हुआ था।"

कुछ देर बाद जब प्लेन हादसे की खबर आई, तो भूमि एयरपोर्ट के गेट पर ही थीं। हादसे की खबर सुनते ही उनके होश उड़ गए और वे कांपने लगीं। उन्होंने भगवान का शुक्रिया अदा किया कि देर होने के कारण उनकी जान बच गई।

दुर्घटनाग्रस्त फ्लाइट में 230 यात्री थे

एयर इंडिया की फ्लाइट AI-171 (बोइंग 787 ड्रीमलाइनर) अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। विमान में

169 भारतीय,

53 ब्रिटिश,

7 पुर्तगाली और

1 कनाडाई नागरिक सवार थे।


इसके अलावा 2 पायलट और 10 क्रू मेंबर्स भी विमान में थे। हादसे में 241 लोगों की मौत हो गई, केवल एक यात्री रमेश विश्वास कुमार जीवित बच पाए।

## ट्रैफिक जाम ने बचाई ज़िंदगी

भूमि ने कहा, "कभी नहीं सोचा था कि ट्रैफिक में फंसना मेरे लिए वरदान बन जाएगा। उस दिन मैं ट्रैफिक से बहुत परेशान थी, लेकिन अब महसूस होता है कि उसी देरी ने मेरी जिंदगी बचाई।"

वे अब भी इस हादसे की खबर से उबर नहीं पाई हैं और लगातार अपने पति व परिवार से संपर्क में बनी हुई हैं।

# अजमेर में रेप के आरोपी को 20 साल जेल:नाबालिग को स्कूल छोड़ने के बहाने होटल में लेकर गया था



24 न्यूज अपडेट

अजमेर की पॉक्सो कोर्ट 2 ने 16 साल की नाबालिग से रेप के आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई है। आरोपी पर 56 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। आरोपी पीड़िता को स्कूल छोड़ने के बहाने होटल में जाकर रेप की वारदात को अंजाम दिया था। पॉक्सो कोर्ट 2 के सरकारी वकील संजय तिवारी ने बताया कि 2024 में पीसांगन थाने में एक मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें पीड़िता और उसके पिता ने बताया कि उसके पुत्री को एक युवक नशीला पदार्थ खिलाकर रेप की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने स्कूल छोड़ने के बहाने होटल में ले जाकर रेप किया था। इसके साथ ही आरोपी की ओर से फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ 28 मई 2024 को चालान पेश किया गया। सरकारी वकील संजय तिवारी ने बताया- शुक्रवार को कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से 13 गवाह और 40 दस्तावेज पेश किए गए। कोर्ट ने आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई। 56 हजार का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट में टिप्पणी करते हुए कहा- बालिकाओं के साथ बढ़ते अपराध को देखते हुए आरोपी के प्रति नरमी बरतना उचित नहीं है।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी में एडमिशन की डेट बढ़ी:16 जून तक कर सकेंगे आवेदन, 6010 सीटों पर होगा दाखिला


24 न्यूज अपडेट

राजस्थान यूनिवर्सिटी (RU) के संगठक कॉलेजों में ग्रेजुएशन कोर्स में एडमिशन के आवेदन की तारीख को 4 दिन आगे बढ़ा दिया है। अब स्टूडेंट्स 16 जून तक राजस्थान यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इसके बाद 17 और 18 जून तक स्टूडेंट्स अपने फॉर्म में करेक्शन कर सकेंगे। इससे पहले 11 जून आवेदन की आखिरी तारीख निर्धारित की गई थी। लेकिन तकनीकी कारणों की वजह से काफी स्टूडेंट्स ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाए थे। जिसके बाद अब यूनिवर्सिटी प्रशासन ने फिर से आवेदन की प्रक्रिया को शुरू किया है। दरअसल, राजस्थान यूनिवर्सिटी और इसके चार संघटक कॉलेजों में कुल 6010 सीटें हैं। महारानी कॉलेज में सबसे ज्यादा 2530 सीटें हैं। महाराजा कॉलेज में 1020 सीटें हैं। कॉमर्स कॉलेज में 1500 और राजस्थान कॉलेज में 960 सीट हैं। इन सीटों में बीबीए, बीसीए, ऑनर्स और एसएफएस की सीटें शामिल हैं।

## राजस्थान कॉलेज में 2 शिफ्ट में कुल 960 सीटें

कॉमर्स कॉलेज में बीकॉम की 420 सीटें, बीकॉम बिजनेस एड में 60, बीकॉम ईएएफएम में 60, बीसीए में 120, बीबीए में 120 और बीकॉम आरओएम में 60 सीटें हैं। राजस्थान कॉलेज में मॉर्निंग और इवनिंग शिफ्ट में कुल 960 सीटें हैं। महारानी कॉलेज में बीएससी बायो और मैथ्स ग्रुप में 720 सीटें हैं, बीएससी ऑनर्स बॉटनी में 30, मैथ्स में 30, सांख्यिकी में 60, फिजिक्स में 30, जूलॉजी में 30 और बीसीए में 120 सीटें हैं।

# संत पर महिला को आश्रम ले जाकर अश्लीलता का आरोपःमहिला ने SP को दी शिकायत; संत बोले-वीडियो कॉल आते थे, मकान मांग रही है



24 न्यूज़ अपडेट

भीलवाड़ा में एक धर्मस्थल के संत(48) ने दो महिलाओं पर हनीट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करने का मामला गुरुवार 12 जून को दर्ज कराया है। संत का कहना है कि महिलाएं मकान खरीदकर देने का दबाव बना रही हैं।

उधर, दोनों महिलाएं भी गुरुवार को भीलवाड़ा एसपी धर्मेंद्र सिंह से मिली और शिकायत देकर कहा कि संत ने आश्रम ले जाकर उनसे अश्लील बातें और छेड़छाड़ की है। पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है।

**संत का आरोपः कॉल-वीडियो कॉल किए, रुपए देने से इनकार किया तो केस कराया**

भीमगंज थाना इंचार्ज गजेंद्र सिंह ने बताया- थाना इलाके के एक धर्मस्थल पर आश्रम बनाकर रह रहे संत ने कल (गुरुवार) रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में संत ने बताया- 3 महीने पहले रात 8 बजे एक महिला (42) का कॉल आया था। उसने अपना असली नाम छुपाकर नकली नाम से परिचय दिया। बताया कि वह आश्रम में पहले खाना पकाया करती थी। उसने बातचीत कर जान-पहचान बढ़ाने की कोशिश की।

संत ने पुलिस से कहा कि महिला फोन करती और अनावश्यक बातें करती। परेशान होकर उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। इसके बाद वह दूसरे मोबाइल नंबर से आए दिन वीडियो कॉल कर चिकनी-चुपड़ी बातें करने लगी। वह पर्सनली मिलना चाहती थी, लेकिन मैंने मना कर दिया।

7 दिन पहले महिला ने कहा कि उसका बेटा बीमार है। रुपयों की जरूरत है। मैंने रुपए देने से इनकार कर दिया।

3 दिन पहले सिटी कोतवाली थाने के पुलिसकर्मी आश्रम आए और बताया कि महिला ने रिपोर्ट दी है। इस पर आश्रम के कुछ अनुयायी ट्रस्टी कोतवाली पहुंचे।

वहां आरोपी महिला नहीं मिली। एक महिला मिली, जिसने खुद को सेशन कोर्ट भीलवाड़ा का एडवोकेट बताया।

एडवोकेट महिला ने ट्रस्टी को थाने से बाहर ले जाकर कहा कि संत से कहना कि हमें 15x30 फीट एरिया का मकान दिला दे।

मामला रफा-दफा कर देंगे। वरना केस दर्ज कराएंगे।

**महिला का आरोप- आश्रम में अश्लील हरकत की, जान से मारने की धमकी दी**

उधर, गुरुवार 12 जून को भीलवाड़ा शहर निवासी एक महिला एसपी धर्मेंद्र सिंह से मिली और संत के खिलाफ शिकायत दी। शिकायत में महिला ने बताया- आश्रम में बेसहारा महिलाओं को राशन दिया जाता है। मैं राशन लेने के लिए आश्रम में गई थी। वहां संत से मुलाकात हुई। संत ने मुझसे फोन नंबर मांगे। इसके बाद संत का फोन आने लगा। करीब डेढ़ माह पहले संत ने एक व्यक्ति को भेजकर मुझे सोनी हॉस्पीटल बुलाया। वहां से कार में बैठाकर संत मुझे आश्रम ले गया। वहां मेरे साथ अश्लील हरकतें की और धमकी दी कि किसी की को बताया तो जान से मार देंगे। इस मामले में संत का कहना है कि महिला से अकेले में कभी नहीं मिला। मैं ब्लड प्रेशर और शुगर का रोगी हूं। घटना से काफी डिप्रेशन में हूं। कोई गलत कदम उठाता हूं तो दोनों महिलाएं जिम्मेदार होंगी। मामले में कोतवाली थाना इंचार्ज गजेंद्र सिंह का कहना है कि दोनों महिलाएं बुधवार 11 जून के थाने आईं थी। कार से आश्रम ले जाने और अश्लील हरकत किए जाने की बात कही थी। इसके बाद आश्रम जाकर जानकारी ली। बाद में मामला भीमगंज थाना इलाके का निकला, इसलिए केस भीमगंज थाना ट्रांसफर कर दिया। आरोप लगाने वाली महिला शहर में ही रहती है। वह विधवा है और उसके दो बच्चे हैं।

# परमात्मा भक्ति से ही पुण्य की सच्ची कमाई होती है : जैनाचार्य रत्नसेन सूरीश्वर महाराज



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। श्री शांतिनाथ जैन संघ, हिरण मगरी सेक्टर-3 में शुक्रवार को जैनाचार्य श्रीमद् विजय रत्नसेन सूरीश्वर महाराज आदि ठाणा 5 का जंबूद्वीप टावर से विहार कर मंगल प्रवेश हुआ। संघ के कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया ने बताया कि संघ द्वारा प्रथम बार पधारे आचार्य श्री का गाजे-बाजे व भव्य स्वागत किया गया। प्रातः 9:30 बजे महावीर भवन में धर्मसभा का आयोजन हुआ। प्रारंभ में पूज्य पंन्यास प्रवर निरागरत्न विजय महाराज ने प्रभु भक्ति में ही जीवन की सच्ची सफलता बताते हुए भावपूर्ण प्रवचन दिए। इसके बाद आचार्य श्री रत्नसेन सूरीश्वर महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि संसार में सुख और सौभाग्य पुण्य का ही परिणाम है। जब तक पुण्य का साथ है, तब तक लाखों शत्रुओं के बीच भी व्यक्ति सुरक्षित रहता है, और पुण्य क्षीण होते ही भारी सुरक्षा के बीच भी जीवन संकट में आ सकता है। इसलिए हर गृहस्थ को जीवन में अधिक से अधिक पुण्य अर्जित करने हेतु धर्म, दान, सेवा और परमात्म भक्ति जैसे पुण्य कार्य करने चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे खेत में बोया गया अन्न लाखों गुना फल देता है, वैसे ही पुण्य के कार्य में लगाया गया धन जन्मों तक सुखदायी और मोक्ष मार्ग प्रशस्त करने वाला बनता है। भोग विलास में खर्च की गई लक्ष्मी क्षणभंगुर है, परंतु धर्मकार्य में किया गया व्यय चिरस्थायी पुण्यफल प्रदान करता है। इस अवसर पर श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर, कोषाध्यक्ष राजेश जावरिया, श्रावक समिति अध्यक्ष आनंदीलाल बम्बोरिया, भूपाल सिंह दलाल, जीवन सिंह कंठालिया सहित कार्यकारिणी सदस्य व बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहीं। धर्मसभा के पश्चात सामूहिक आरती व मंगल पाठ भी संपन्न हुआ।

# किरोड़ी के छापों के बाद कृषि-विभाग के 11 अफसर सस्पेंडःबीज कंपनियों से ऑफिसर्स की मिलीभगत सामने आने के बाद एक्शन, अब जांच होगी



24 न्यूज़ अपडेट

कृषि मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा के नकली खाद बीज वाली फैक्ट्रियों पर छापों के बाद अफसरों पर एक्शन हुआ है। कृषि विभाग के 11 अफसरों को सस्पेंड करके उनके खिलाफ जांच शुरू की गई है।

कृषि आयुक्तालय से जारी आदेशों के मुताबिक सस्पेंड किए गए अफसरों की कंपनियों के साथ मिलीभगत थी। इसके साथ ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरती, अब इनके खिलाफ सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

## मिलीभगत के आरोप में ये 8 अफसर सस्पेंड

कृषि विभाग में क्वालिटी कंट्रोल के तत्कालीन उपनिदेशक बंशीधर जाट, सहायक निदेशक ज्वाला प्रताप सिंह, सहायक निदेशक पौध संरक्षण गोविंद सिंह, सहायक निदेशक मुकेश कुमार चौधरी को सस्पेंड किया गया है।

वहीं, कृषि अधिकारी योजना राजवीर ओला, कृषि अधिकारी सौरभ गर्ग, मुकेश कुमार माली, आत्मा प्रोजेक्ट के उप परियोजना निदेशक कैलाश चन्द्र शर्मा को भी निलंबित किया गया है।

**छापेमारी में नहीं पहुंचने वाले 3 अधिकारियों पर भी एक्शन**

जयपुर में कृषि मंत्री की छापेमारी के दौरान मौके पर नहीं पहुंचने पर तीन अफसरों को सस्पेंड किया है। सहायक कृषि निदेशक मुख्यालय लोकेन्द्र सिंह, कृषि अधिकारी (सामान्य) सुनील कुमार बरड़िया, कृषि अधिकारी (मिशन) प्रेम सिंह को निलंबित किया है।

इन तीनों अफसरों को फर्टिलाइजर कंपनियों के अवैध भंडारण की शिकायत मिलने के बावजूद जांच नहीं करने और इंस्पेक्टरों को मौके पर नहीं भेजने के मामले में सस्पेंड किया गया है।

# एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या में देर रात तक झूमे सैकड़ों श्रद्धालु



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन उदयपुर की ओर से एक शाम गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ। मंदिर परिसर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोमाता प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित से हुआ। श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने बताया कि हाटकेश्वर नंदिनी गौशाला सेवा समिति एवं श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में हाटकेश्वर नंदिनी गौशाला सेवा समिति, भाटी बड़ोदिया में आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक महाकाल भक्त जीतू भाई धोरा सहित भजन गायकों ने एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजन संध्या की शुरुआत गणपति वंदना तथा गुरु वंदना के साथ की गई। साथ ही कई ख्याति प्राप्त भजन गायकों ने एक से बढक़र एक मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। सभी कलाकारों के भजन सुनकर भक्त भाविक मंत्रमुग्ध हो गए। लोक भजनों पर भावविभोर होते हुए भक्त देर रात तक झूमते रहे। बलराम सिंह राठौड़ ने बताया कि प्रसिद्ध भजन गायक महाकाल भक्त जीतू भाई धोरा ने भजनों व कथाओं के माध्यम से गोमाता की महत्ता बताई। गौ बचेगी तो देश की संस्कृति बचेगी। उन्होंने कहा कि गाय व सृष्टि का आपसी संबंध गहरा है। गाय की नित्य सेवा करने से पुण्यार्जन होता है। गाय की सेवा कर हम अपना जीवन धन्य कर सकते है। घर में गाय पालने से सभी प्रकार के वास्तु दोष व नकारात्मक ऊर्जा नष्ट हो जाती है। आयोजन में महालक्ष्मी म्यूजिकल ग्रुप का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को एकलिंगनाथ की तस्वीर, उपरणा ओढ़ा सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने बताया कि श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन का एक ही लक्ष्य हर वंचित को शिक्षा, हर निर्धन को चिकित्सा और पर्यावरण संरक्षण हमारा मिशन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ इस संस्था द्वारा अनाथ बेटियों को गोद लिया जायेगा। उद्देश्य हर जरूरतमंद महिला को रोजगार, एवं हमारा ध्येय नाम नहीं सिर्फ काम की थीम पर श्री एकलिंग नाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन कार्य कर रहा है। इस दौरान आकाश बागड़ी ने कार्यकारिणी विस्तार करते हुए भाटी बड़ोदिया के जिलाध्यक्ष पद पर बलराम सिंह राठौड़ को मनोनीत किया। भजन संध्या में श्री एकलिंग नाथ सेवा संगठन के प्रिंस बागड़ी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक मेनारिया, जोधपुर जिलाध्यक्ष संतोष कंवर राठौड़, करण प्रजापत, लोकेश मीणा, गेन्दालाल पाटीदार, कमलेश कुमावत, जय पाटीदार, आशीष पाटीदार, धीरज पाटीदार, राजू देवी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन, 300 बालक-बालिकाओं ने लिया उत्साहपूर्वक भाग




24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर। सरकार के वंदे गंगा जल संरक्षण – जन अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जिले में खेलकूद व तैयारी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने जानकारी दी कि 13 जून 2025 को आयोजित इस कार्यक्रम के तहत प्रातःकालीन सत्र में फतहसागर की पाल पर कार्यक्रम और कैनोइंग, तथा सायंकालीन सत्र में महाराणा प्रताप खेलगांव में तैयारी प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गईं। इन दोनों प्रतियोगिताओं में जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र, उदयपुर के प्रशिक्षकों व खिलाड़ियों ने भागीदारी निभाई। कुल मिलाकर लगभग 300 बालक-बालिकाओं ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जल संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। खिलाड़ियों को जल संरक्षण का संदेश डॉ. पालीवाल ने खिलाड़ियों को खेलों के साथ-साथ जल संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल हमारे दैनिक जीवन का अमूल्य स्रोत है, जिसे संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही, जल को स्वच्छ रखने और उसकी बचत के सरल उपाय भी खिलाड़ियों को बताए। आयोजन के दौरान बच्चों में पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता का संदेश भी प्रसारित किया गया।

# ज्ञान मंदिर के स्थापना दिवस पर अपार उत्साह, कुल 59 युनिट रक्तदान, शाम को अपनों से अपनी बात और मुख्य समारोह



24 न्यूज़ अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। सेक्टर-4 स्थित ज्ञान मंदिर स्कूल का आज स्थापना दिवस है। इस अवसर पर कई आयोजन उत्साह के साथ हो रहे हैं। ज्ञान मंदिर स्कूल की प्रतिष्ठित पूर्व छात्र परिषद जिसमें देश-विदेश के कई ख्यातमना स्टूडेंट भी शामिल हैं उनकी प्रतिभागिता ने आयोजन में चार-चांद लगा दिए हैं। देश के कोने-कोने से पहुंचे छात्रों ने हर आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर अपने स्कूली दिनों को याद किया और भावुक हो गए। इस अवसर पर पूर्व छात्र परिषद स्वयं की ओर से कई आयोजन हो रहे हैं। सुबह प्रथम चरण में रक्तदान शिविर का आगाज 8 बजे अतिथियों ने किया। इसके बाद से शिविर में रक्तदान करने वालों का उत्साह उमड़ पड़ा। शिविर में दोपहर 1 बजे तक 60 युनिट रक्तदान हो चुका था व कई रक्तदाता कतारों में लगा कर उत्साह के साथ रजिस्ट्रेशन करवा रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाने माने रक्तवीर रविन्द्रसिंह कप्पू व आर सी देवेंद्र मीणा थे। दूसरे चरण में अपनों से अपनी बात कार्यक्रम होगा जिसमें स्वयं के सदस्यों का संवाद सत्र अपराह्न 2 से 4 बजे तक होगा। इसमें संवादों के माध्यम से आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। तीसरे चरण में मुख्य समारोह शाम को 5 से 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा विभाग, राजस्थान सरकार के मंत्री बाबूलाल खराडी, विशेष अतिथि सांसद उदयपुर मन्नालाल रावत, अध्यक्षता विधायक उदयपुर ग्रामीण फूलसिंह मीणा एवं विशिष्ट अतिथि नारायण सेवा संस्थान के सीईओ प्रशांत अग्रवाल और ज्ञान मंदिर समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योत्स्ना शर्मा रहेंगे। कार्यक्रम का संयोजन 'स्वयं' (पूर्व छात्र परिषद) के अध्यक्ष पुतिन जैन एवं अन्य पूर्व छात्रों की टीम द्वारा किया जा रहा है।

# विमान दुर्घटना में दिवंगतों को लेक्रोज खिलाड़ियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 13 जून। अहमदाबाद में हुई भीषण और अत्यंत दुःखद हवाई दुर्घटना में असमय काल कवलित हुए सभी दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय पदक विजेता लेक्रोज खिलाड़ियों ने महाराणा प्रताप खेल गांव में चल रहे राज्य स्तरीय ग्रीष्मकालीन लेक्रोज प्रशिक्षण शिविर में एक शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राजस्थान लेक्रोज संघ के अध्यक्ष अशोक परनामी के अनुसार इस शोक सभा में सभी ने मौन रखकर दिवंगत आत्माओं के प्रति अपनी गहन संवेदना प्रकट की तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि वे शोक-संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में संबल एवं धैर्य प्रदान करें। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल, प्रधनाचार्य राउमावि धार डॉक्टर सत्यनारायण सुथार, प्रधानाचार्य राउमावि ऊंकार भावना बत्रा लेक्रोज प्रशिक्षक नीरज बत्रा, भारतीय लेक्रोज टीम की कप्तान सुनीता मीणा, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी झूला कुमारी गुर्जर डाली गमेती, मीरा दौजा, विशाखा मेघवाल, हेमलता डांगी, मोहनलाल गमेती, खुमाराम गमेती सहित राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब उदयपुर मीरा ने 100 पौधों का मियावाकी वृक्षारोपण किया



24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 13 जून। रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सिसारमा रोड स्थित सीतामाता नर्सरी में 100 पौधों का मियावाकी वृक्षारोपण किया गया। रोटरी मीरा अध्यक्षा प्रीति सोगानी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं हरियालों राजस्थान के प्रति जन चैतना जागरूग करने व सामोहित जन सहभागिता के लिए राजस्थान सरकार वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत एक पेड़ मां के नाम में जन सहभागिता करते हुए रोटरी मीरा ने 100 पौधों का रोपण करते हुए मियावाकी वन स्थापित किया। मियावाकी वृक्षारोपण तेजी से वन निर्माण करने में कारगार है। एक मीटर की दूरी पर गड्ढे किये गए, जिसमें पीपल, गुढ़ल, आम, जामुन, सिंदूर, रुद्राक्ष, नीम आदि के पौधे लगाए गए। इस विधि से पेड़ सामान्य विधियों की तुलना में दस गुणा तेजी से बढ़ते हैं । 20-30 वर्षों में ये घना वन तैयार हो जाता है, जो कि सामान्य 200 वर्ष लग जाता है। कार्यक्रम में रोटरी क्लब उदयपुर मीरा की सभी सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरके जैन, आईएफएस, सीसीएफ जोधपुर एवं उदयपुर जिला प्रभारी रहे। अध्यक्षा प्रीति सोगानी ने उपरणा पहनाकर सभी का स्वागत किया गया। अजय चित्तौड़ा, आईएफएस, गजेन्द्र सिंह, यशपाल सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजिका प्रियंका कोठारी ने बताया कि नर्सरी की सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य यह था कि नर्सरी क्षेत्र की नियमित सफाई हो, नर्सरी क्षेत्र को स्वच्छ, व्यवस्थित और स्वास्थ्यवर्धक बनाना है। ताकि उसमें रोपित पौधे अच्छी तरह से विकसित हो सके। शब्दों द्वारा स्वागत अध्यक्षा प्रीति सोगनी द्वारा आभार प्रियंका कोठारी द्वारा ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रीति सोगानी, सचिव नीलम दूबे, कार्यक्रम संयोजिका प्रियंका कोठारी, पुष्पा कोठारी, अर्चना व्यास सहित कई सदस्याएं मौजूद रही।

# हरियाली का सपना लेकर साइकिल पर सवार सुबोध पहुंचे उदयपुर




24 न्यूज़ अपडेट

उदयपुर, 13 जून। महाराष्ट्र के रोहा (रायगढ़) से इंडिया टू एवरेस्ट बेस कैम्प साइकिल यात्रा पर निकले पर्यावरण योद्धा, साहसी साइक्लिस्ट और प्रेरक वक्ता सुबोध विजय शुक्रवार को उदयपुर पहुंचे। सूचना केंद्र में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने अपने देशव्यापी अभियान के उद्देश्यों, अनुभवों और भावी योजनाओं को साझा किया।

सुबोध के उदयपुर पहुंचने पर अणुव्रत समिति के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। अणुव्रत समिति में आयोजित कार्यक्रम में सुबोध ने पर्यावरण संरक्षण तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया और देखो अपना देश अभियान पर चर्चा की।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।